अनुष्ठान स्नान (गुस्ल) के अनुशंसित नियम

रेटिंग:

विवरण: ?????????? ?? ?????? ???? ?? ???????? ?? ???? ?? ?? ??? ??????? ????????????? ?? ?????? ?? ?????, ????? ??????? ?? ??????? ??????????? ?? ?????

श्रेणी: पाठ › पूजा के कार्य › प्रार्थना

द्वारा: Imam Mufti

प्रकाशित हुआ: 08 Nov 2022

अंतिम बार संशोधित: 07 Nov 2022

आवश्यक शर्तें

·अनुष्ठान स्नान (गुस्ल) का शिष्टाचार।

उद्देश्य

·उन परिस्थितियों को जानना जिनमें गुस्ल करना अनिवार्य नहीं है बल्कि एक अनुशंसित और पुरस्कृत कार्य है।

·गुस्ल के संबंध में महिलाओं के लिए नियम को समझना।

·गुस्ल से संबंधित कुछ सामान्य दिशा-निर्देशों को जानना।

अरबी शब्द

·*??????* – अनुष्ठान स्नान।

·*????* - वुज़ू।

·*??* - त्योहार या उत्सव। मुसलमान दो प्रमुख धार्मिक त्योहार मनाते हैं, जिन्हें ईद-उल-फितिर (जो रमजान के बाद आता है) और ईद-उल-अज़हा (जो हज के समय होता है) कहा जाता है।

·*????-??-????* - शुक्रवार की नमाज़।

·*?????* - संभोग के बाद अशुद्धता की स्थिति।

·???? - सुबह की नमाज।

गुस्ल करना कब बेहतर है, लेकिन ज़रूरी नहीं?

कुछ परस्थितियां ऐसी होती है जब एक मुसलमान को गुस्ल करने की सलाह दी जाती है और इसके लिए पुरस्कृत किया जाता है। उनमें से कुछ यहां सूचीबद्ध हैं:

(1) शुक्रवार की नमाज़ (अरबी में सलात उल-जुमा) के लिए।

शुक्रवार को सलात उल-जुमा से पहले गुस्ल करना बेहतर है।[1] यह समय शुक्रवार की सुबह से शुक्रवार की प्रार्थना तक के बीच का होता है। हालांकि कई लोगों के लिए काम या स्कूल के कारण नमाज़ से ठीक पहले गुस्ल करना संभव नहीं होता है, लेकिन वे सुबह घर से निकलने से पहले ग़ुस्ल कर सकते हैं। गुस्ल करने के बाद अगर किसी का वुज़ू टूट जाता है, तो बिना गुस्ल के नया वुज़ू करना काफी होता है।

(2) वर्ष की दो ईदों की नमाज के लिए।

एक मुसलमान को ईद की नमाज के लिए गुस्ल करने की सलाह दी जाती है। इसके लिए पैगंबर के साथियों की ओर से कई वर्णन हैं।

(3) मक्का जाने पर।

जो कोई मक्का जाना चाहता है, उसके लिए यह बेहतर है कि वह गुस्ल करे।[2]

(4) लाश को नहलाने के बाद गुस्ल।

जिस व्यक्ति ने लाश को नहलाया है उसके लिए गुस्ल करना बेहतर है।[3]

महिलाओं के लिए गुस्ल

एक महिला को ऊपर बताए गए अनुसार गुस्ल करना चाहिए, सिवाय इसके कि अगर उसने चोटी बना रखी है तो चोटी खोलने की जरूरत नहीं है, बशर्ते पानी उसके बालों की जड़ों तक पहुंचे।[4] उसके लिए

अपने सिर पर तीन बार पानी डालना पर्याप्त है, यह सुनिश्चित करते हुए कि पानी पूरी तरह से उसके बालों की जड़ों तक पहुंच जाए।

इसके अलावा, नेल पॉलिश या कोई अन्य चीज़ जो पानी को शरीर के अंगों तक पहुंचने से रोकता है, उसे ग़ुस्ल के समय हटा देना चाहिए।[5]

एक महिला के लिए बेहतर है कि वह मासिक धर्म या प्रसव के बाद के रक्तस्राव के बाद ग़ुस्ल करे, मासिक धर्म के रक्त की गंध को हटाने के लिए एक सुगंधित सूती कपड़ा ले और अपने निजी अंगों को पोंछे।[6]

निम्नलिखित दो मामलों में ग़ुस्ल की आवश्यकता नहीं है:

(i) सामान्य योनि स्राव। योनि का एक प्रकार के द्रव से स्वाभाविक रूप से नम होना सामान्य है। यह शरीर के हार्मोन की वजह से पूरे मासिक चक्र में बदलता रहता है। अधिकांश सामान्य युवतियों और वृद्ध महिलाओं में सफेद, चिपचिपा स्राव होता है जिसे ल्यूकोरिया कहा जाता है, जो एक तरल पदार्थ है जो कामोन्माद द्रव से बिल्कुल अलग है। इसका कपड़ों पर थोड़ा सा लगना महिलाओं के लिए सामान्य है। स्राव गीला या सूखा हो सकता है, और कम या ज्यादा चिपचिपा हो सकता है। हवा के संपर्क में आने पर ये स्राव सफेद या पीले रंग के हो सकते हैं। सामान्य योनि स्राव में हल्की गंध हो सकती है, या बिल्कुल भी गंध नहीं हो सकती है, और नम होने पर साफ या दूधिया सफेद हो सकता है, सूखने पर पीले रंग का और बलगम जैसा या कड़ा हो सकता है। यह मध्य मासिक चक्र के दौरान, ओव्यूलेशन के समय, गर्भावस्था के दौरान, और गर्भनिरोधक गोलियों का उपयोग करते समय ज्यादा हो सकता है। ऐसे मामलों में ग़ुस्ल की ज़रूरत नहीं है।

(ii) फोरप्ले, संभोग के बारे में सोचने और कामोत्तेजना के कारण नसें फैल जाती हैं। इससे एक "पसीने की प्रतिक्रिया" बनती है, एक तरल पदार्थ बनता है जो योनि को चिकनाई देता है और प्रवेश द्वार को गीला कर देती है। योनि स्त्राव और चिकनाई का संयोजन महिलाओं के यौन स्राव को बनाता है। यह सफेद और पतला हो सकता है और इसके बाद थकावट महसूस नहीं होती है। इस द्रव को अरबी में *??????* कहते हैं। इस मामले में भी ग़ुस्ल की ज़रूरत नहीं है।

महिला को इन दो मामलों में यौन रूप से अशुद्ध माना जाता है और उसे ग़ुस्ल करना चाहिए:

(ए) योनि में लिंग का प्रवेश, भले ही कोई स्खलन हो या न हो, पति और पत्नी दोनों को यौन रूप से अशुद्ध कर देता है। पूजा फिर से शुरू करने के लिए दोनों को ग़ुस्ल की ज़रूरत होती है।

(बी) स्वप्नदोष [7] और मादा कामोत्तेजना के कारण योनि से तरल पदार्थ का निकलना जिसे मनी कहते हैं।

एक महिला को ग़ुस्ल करना चाहिए है यदि वह एक कामुक सपना देखती है और जागने पर गीलेपन का अहसास करती है।

इसके अलावा, किसी अन्य कारण से महिला कामोत्तेजना के बाद मनी निकलता है तो ग़ुस्ल अनिवार्य हो जाता है। कामोत्तेजना के साथ योनि संकुचन और शरीर में अन्य परिवर्तन यौन क्रिया का चरमोत्कर्ष है, और ये आमतौर पर संभोग के परिणामस्वरूप होता है।[8]

गंध और रंग जैसे कुछ चिन्ह मनी को सामान्य योनि स्राव से अलग करते हैं। नारी मनी (जिस द्रव्य के निकलने से ग़ुस्ल की आवश्यकता होती है) को कई गुणों से पहचाना जाता है:

(ए) यह यौन सुख महसूस करने के परिणामस्वरूप निकलता है और जब यह निकलता है तो महिला उत्तेजना महसूस करती है।

(बी) इसके बाद थकावट महसूस होती है।

(सी) इसमें एक विशेष गंध होती है।[9]

(डी) यह आमतौर पर पीला और चिपचिपा-रहित होता है। यह सफेद भी हो सकता है।

पहले दो गुण शायद सबसे महत्वपूर्ण संकेतक हैं। ऊपर वर्णित योनि स्राव जो मनी की विशेषताओं से नहीं मिलते, उनमे ग़ुस्ल की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन इसके लिए वुज़ू की आवश्यकता होती है।

ग़ुस्ल के लिए सामान्य दिशानिर्देश

पति और पत्नी एक साथ स्नान कर सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक रूप से नग्न हो कर या स्नान सूट पहन कर स्नान करना बेशर्मी है और मना है। अपने पति या पत्नी या चिकित्सा उपचार को छोड़कर किसी को अपने निजी अंग दिखाना मना है।

दो कारणों से एक ग़ुस्ल करना पर्याप्त है, जैसे कि यौन अशुद्धता और जुमे की नमाज़, बशर्ते कि दोनों के लिए इरादा हो।

व्यक्ति के लिए ग़ुस्ल करना काफी है, भले ही ग़ुस्ल करते वक्त वुज़ू न किया हो।

किसी यौन अशुद्धता (जूनूब) वाले व्यक्ति या मासिक धर्म वाली महिला के लिए बाल काटना, अपने नाखून काटना, खरीदारी करना आदि की पूरी अनुमति है, और इसे एक निंदनीय कार्य नहीं माना जाता है।

जसि तरह पति-पत्नी के लिए एक-दूसरे द्वारा छोड़ा गया पानी उपयोग करने की अनुमति है, उसी तरह उनके लिए एक ही कंटेनर से गुस्ल करने की अनुमति है।

एक पति और पत्नी को संभोग के तुरंत बाद गुस्ल करने की ज़रूरत नहीं है। अगर संभोग रात की नमाज़ के बाद किया है तो फज्र की नमाज़ तक नहाने में देर करने की अनुमति है। ऐसे में सोने से पहले वुज़ू करने की सलाह दी जाती है।

फुटनोट:

[1] पैगंबर ने कहा, "जो कोई भी सही से वुज़ू करता है और फिर शुक्रवार की नमाज के लिए जाता है और ध्यान से सुनता है, उसे उस शुक्रवार औ अगले शुक्रवार के बीच की अवधि के दौरान और अतिरिक्त तीन दिनों के लिए माफ कर दिया जाएगा।" (सहीह मुस्लिम)

[2] नफी' ने बताया कि इब्न उमर धी तावू में रात बिताये बिना कभी भी मक्का नहीं गए जब तक कि सुबह नहीं हुई, फि वो स्नान करते और सुबह मक्का जाते। इब्न उमर ने बताया कि अल्लाह के दूत ऐसा करते थे। (दो सहीह। यह संस्करण सहीह मुस्लिम से है)

[3] पैगंबर ने कहा है, "जो कोई भी लाश को नहलाये, उसे गुस्ल करना चाहिए, और जो उसे ले जाए, उसे वुज़ू करना चाहिए।" (मुसनद, अबू दाऊद, अल-तिर्मिज़ी, नसिाई, इब्न माजा)

[4] पैगंबर की पत्नी उम्म सलामाह ने कहा, "अल्लाह के दूत, मैं एक महिला हूं जिसकी चोटी बनी हुई है। क्या मुझे संभोग के बाद गुस्ल करने के लिए चोटी को खोलना होगा? उन्होंने कहा "नहीं, तुम्हारे लिए इतना ही काफ़ी है कि तुम अपने सिर पर तीन बार पानी डालो और फिर अपने पुरे शरीर पर पानी डालो। ऐसा करने के बाद तुम शुद्ध हो जाओगी।" (मुसनद, सहीह अल बुखारी, और अल-तिर्मिज़ी)

[5] यह अल्लाह के आदेश (क़ुरआन 5:6) पर आधारित है कि वह नमाज़ से पहले चेहरा और हाथ आदि धोये (वुज़ू करें)। विद्वानों के अनुसार **धोने** का अर्थ है कि पानी **वास्तव में त्वचा तक पहुंचना चाहिए**, इसलिए इसे ढकने वाले किसी भी चीज़ को हटा दिया जाना चाहिए।

[6] एक महिला साथी ने अल्लाह के दूत से मासिक धर्म समाप्त होने के बाद गुस्ल के बारे में पूछा। पैगंबर ने कहा, "उ कमल के पेड़ के पत्तों के साथ मिश्रित पानी का उपयोग करना चाहिए और खुद को शुद्ध करना चाहिए। फिर उसे अपने सिर पर पानी डालना चाहिए और इसे बालों की जड़ों तक अच्छी तरह से मलना चाहिए, इसके बाद शरीर पर

पानी डालना चाहिए। इसके बाद, उसे कस्तूरी लगा हुआ रुई का एक टुकड़ा लेना चाहिए और इससे खुद को साफ करना चाहिए।" (अबू दाऊद, इब्न माजा, और अन्य)

[7] महिलाओं में स्वप्नदोष का आज भी बहुत कम अध्ययन किया जाता है, लेकिन 1400 साल पहले पैगंबर मुहम्मद ने इसकी पुष्टि की थी। 195 में एक कामुकता शोधकर्ता अल्फ्रेड किन्से, पीएचडी ने पाया कि उन्होंने जिन 5,628 महिलाओं का साक्षात्कार लिया, उनमें से लगभग 40 प्रतिशत ने कम से कम एक बार नींद में कामोत्तेजना या "स्वप्नदोष" का अनुभव किया, जब तक कि वे पैंतालीस वर्ष के नहीं हो गए। 1986 जर्नल ऑफ सेक्स रिसर्च में प्रकाशित एक छोटे से अध्ययन में पाया गया कि जिन 85 प्रतिशत महिलाओं ने नींद में कामोत्तेजना का अनुभ किया था, उन्होंने इक्कीस साल की उम्र से पहले तक ऐसा अनुभव कर लिया था... कुछ ने तेरह साल की उम्र से भी पहले। योनिस्राव बिना कामोत्तेजना के यौन उत्तेजना का संकेत हो सकता है।

[8] ज्यादातर महिलाओं में, महिला कामोत्तेजना में द्रव का स्खलन नहीं होता है, लेकिन अक्सर योनि में नमी का अनुभव होता है।

कुछ महिलाओं में, माना जाता है कि साफ तरल पदार्थ का "स्खलन" स्कीन की ग्रंथियों द्वारा होता है जो एक पुरुष की प्रोस्टेट ग्रंथि की संरचना के समान होता है। यह संभोग के दौरान उत्पन्न होता है और मूत्र नहीं होता है। यह संरचना में वीर्य के समान है, लेकिन इसमें शुक्राण नही होता है। यह द्रव कामोत्तेजना के दौरान एक महिला के स्राव से अलग होता है।

[9] हालांकि यह कई पाठकों के लिए असामान्य हो सकता है, लेकिन इसे ताड़ के पेड़ के पराग या आटे की गंध की तरह बताया गया है।

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/hi/articles/98

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।